# डेटा गोपनीयता वक्तव्य और नौकरी आवेदन डेटा (Job Application Data) का प्रयोग करने की सहमति

आपकी गोपनीयता Corning के लिए महत्त्वपूर्ण है। इस वक्तव्य ("गोपनीयता वक्तव्य") का उद्देश्य आपको यह सूचित करना है कि आपके द्वारा Corning Talent Community में सम्मिलित होते समय, अभ्यर्थी प्रोफाइल बनाते समय, या Corning की वेबसाइट के माध्यम से Corning में किसी नौकरी के लिए आवेदन करते समय आपके द्वारा प्रस्तुत सूचना का प्रयोग Corning किस तरह करेगी। सामूहिक रूप से, इस सूचना को "नौकरी आवेदन डेटा" के रूप में संदर्भित किया जाता है।

आप इस वेबसाइट के माध्यम से जो Corning को समस्त नौकरी आवेदन डेटा प्रस्तुत करते हैं, उसे Corning, न्यूयॉर्क, अमेरिका में स्थित Corning Incorporated द्वारा एकत्र किया जाता है।

## हम किस तरह की सूचनाओं को संसाधित करते हैं?

इस गोपनीयता वक्तव्य में आपके द्वारा Corning को प्रस्तुत कोई और सभी नौकरी आवेदन डेटा शामिल हैं, जैसे:

- नाम, पता, ई-मेल पता, टेलीफोन नंबर, या अन्य संपर्क जानकारी;
- आपके रेज़्यूमे, जीवन वृत्त (CV), या कवर लेटर में शामिल सूचनाएं, जैसे पिछला कार्य अनुभव, शिक्षा, पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र, या अन्य सूचनाएं जो आप हमारे विचारार्थ प्रदान करते हैं;
- मांगे गए रोज़गार का प्रकार, वांछित वेतन, स्थानांतरित होने की सम्मति, या नौकरी संबंधी अन्य प्राथमिकताएं; और
- संदर्भों के लिए नाम एवं संपर्क सूचना, यदि लागू हो

संदर्भों का निजी डेटा हमें प्रदान करने से पहले उनकी सहमति लेना आपकी जिम्मेदारी है।

आपको अपने पिछले नियोक्ताओं से जो गोपनीय, स्वामित्व संबंधी, या पेटेंट कराई हुई सूचनाएं मिली हों, Corning उसे प्राप्त करना नहीं चाहती, और आपको उसे Corning को प्रदान नहीं करना चाहिए।

## आपके डेटा को कौन ऐक्सेस कर सकता है?

Corning के केवल कुछ चुने हुए कर्मचारियों - जैसे आपके भविष्य का (के) संभावित प्रबंधक(कों), मानव संसाधन विभाग, और सूचना प्रौद्योगिकी के कर्मचारी (केवल अनुरक्षण उद्देश्य से) - और हमारे बाहरी सेवा प्रदाताओं के कुछ ऐसे चुने हुए कर्मचारी जो भर्ती आवेदनों के प्रशासन में Corning की सहायता करते हैं, उन्हें ही आपके नौकरी आवेदन डेटा तक ऐक्सेस प्राप्त होगी।

Corning एक वैश्विक संगठन है, जिसके व्यवसाय, कानूनी निकाय, सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियाँ, प्रबंधन संरचनाएँ और प्रक्रियाएँ सरहदों के पार तक व्याप्त हैं। नौकरी आवेदन डेटा को केवल नियोजन विचारण के उद्देश्यों के लिए, अन्य क्षेत्राधिकारों में Corning की अन्य संस्थाओं के साथ साझा किया जा सकता है।

Corning ऊपर चर्चा किए गए पक्ष को छोड़कर किसी भी तृतीय पक्ष को आपकी स्पष्ट अनुमति के बिना कोई डेटा प्रदान नहीं करेगी।

## लागू कानून।

Corning संस्थाएं नौकरी आवेदन डेटा के साथ Corning की वैश्विक डेटा गोपनीयता नीति के अनुसार[1] और जहां नौकरी आवेदन डेटा को संसाधित किया जा रहा है, उस (उन) स्थान(स्थानों) में लागू सभी कानूनों के अनुसार व्यवहार करेगी। जहां स्थानीय कानूनों में Corning की गोपनीयता नीति द्वारा स्थापित संरक्षण से कम संरक्षण की अपेक्षा हो, वहां Corning आपके नौकरी आवेदन डेटा के साथ Corning की वैश्विक डेटा गोपनीयता नीति में वर्णित ढंग से व्यवहार करेगी, जो http://www.corning.com/media/worldwide/global/documents/Global_Data_Privacy_policy.pdf पर उपलब्ध है।

**आपकी पसंद।**

अपना नौकरी आवेदन डेटा उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है। तथापि, यदि आप अपने आवेदन के लिए मांगे गए सभी डेटा प्रदान नहीं करने का निर्णय लेते हैं, तो एक अभ्यर्थी के रूप में आपके नाम पर विचार करने की हमारी क्षमता सीमित हो सकती है।

**नौकरी आवेदन डेटा का प्रयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाएगा?**

आप जो नौकरी आवेदन डेटा प्रदान करते हैं, उसका प्रयोग Corning (या किसी संबद्ध Corning संस्था) में रोज़गार हेतु आपके आवेदन को ऐक्सेस करने के लिए, आपकी सूचनाओं की पुष्टि करने और संदर्भों की जांच करने के लिए, यदि और उस सीमा तक किया जाएगा जहां तक यह लागू कानून के तहत अनुमत हो, और इसका उपयोग आपसे संपर्क करने के लिए तथा आपको अतिरिक्त कॅरियर अवसरों के बारे में सूचित करने के लिए किया जाएगा।

यदि आप Corning या किसी संबद्ध Corning संस्था में रोज़गार स्वीकार करते हैं, तो एकत्र की गई सूचनाएं आपके रोज़गार रिकॉर्ड का हिस्सा बन जाएंगी और इनका प्रयोग रोज़गार उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

**हम आपका डेटा कब तक रखेंगे?**

अमेरिका में नौकरी चाहने वाले आवेदकों के लिए नौकरी आवेदन डेटा को हमारे आवेदक डेटा बेस में आप द्वारा नौकरी आवेदन डेटा प्रस्तुत करने की नवीनतम तारीख से तीन (3) वर्षों तक रखा जाता है। अमेरिका से बाहर नौकरी चाहने वाले आवेदकों के लिए नौकरी आवेदन डेटा को आप द्वारा नौकरी आवेदन डेटा प्रस्तुत करने की नवीनतम तारीख से दो (2) वर्षों तक, या यदि स्थानीय विनियम(मों) द्वारा निर्धारित हो तो उससे कम अवधि तक रखा जाएगा।

आप अपने नौकरी आवेदन डेटा को ऐक्सेस कर सकते हैं, उसे सही कर सकते हैं, या नीचे बताए अनुसार किसी भी समय पर इसे डिलीट कर सकते हैं।

**आपके अधिकार।**

आप Corning के नौकरी आवेदन वेबपेज www.corning.com/careers में लॉगिंग करके किसी भी समय अपने नौकरी आवेदन डेटा को ऐक्सेस कर सकते हैं, उसे सही कर सकते हैं या अपने पिछले आवेदनों को डिलीट कर सकते

[1] http://www.corning.com/media/worldwide/global/documents/Global_Data_Privacy_policy.pdf पर उपलब्ध है।

हैं। आप privacy@corning.com पर अनुरोध भेजकर, अपने नौकरी आवेदन डेटा की हैंडलिंग के संबंध में प्रश्न पूछ सकते हैं, या इसे पूरी तरह डिलीट करने का अनुरोध कर सकते हैं।

आप privacy@corning.com पर ई-मेल भेजकर या http://www.corning.com/worldwide/en/privacy-policy.html पर जाकर अपने नौकरी आवेदन डेटा के संसाधन के संबंध में और Corning की सामान्य गोपनीयता नीति के बारे में अतिरिक्त जानकारी का भी अनुरोध कर सकते हैं।

**आपकी सहमति।**

अपने नौकरी आवेदन डेटा को प्रस्तुत करके आप इस गोपनीयता वक्तव्य के अनुसार उन सूचनाओं को संसाधित करने के लिए (अपने नौकरी आवेदन डेटा को पूरे विश्व में स्थानांतरित करने सहित) अपनी सहमति प्रदान करते हैं।